रक्तदान भी राष्ट्रभक्ति, करते रहें रक्तदान : डॉ. अवधेश अग्रवाल

- आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में 75 लोगों ने किया रक्तदान

गोरखपुर, 14 अगस्त। भारत ने अपनी स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस उपलक्ष्य में पूरा देश विगत 01 वर्ष से 'आजादी का अमृत महोत्सव' धूमधाम से मना रहा है।
इसी शृंखला में आज गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में नागरिक सुरक्षा, कोतवाली प्रखंड, गोरखपुर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।
इस पावन अवसर पर रक्तदान से पूर्व अतिथियों व वक्ताओं ने स्वाधीनता आंदनोलन, क्रांतिकारियों व भविष्य के भारत पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

ब्लड बैंक प्रभारी एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा कि आज आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में जिन लोगों ने रक्तदान किया है, वे अत्यंत पूण्य के भागी हैं। उनके रक्त से किसी न किसी को जीवनदान मिलेगा। रक्तदान भी राष्ट्रभक्ति है। हमें निरंतर रक्तदान करते रहना चाहिए।
इसी क्रम में डिवीजनल वार्डेन, कोतवाली, गोरखपुर श्री विकास जालान ने कहा कि आज हम सभी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, यह मां भारती के वीर सपूतों के बलिदान का प्रतिफल है। उन्होंने युवाओं से क्रांतिकारियों के सपनों का भारत के निर्माण में योगदान के लिए आह्वान किया।
चीफ वार्डेन डॉ संजीव गुलाटी ने कहा कि देश की सीमा पर जवान तैनात हैं, हम जैसे लोगों को समाज में जवानों की तरह सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक-दूसरे के सुख-दु:ख में शामिल होना चाहिए। समाज को नई दिशा देने में योगदान देकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हम लोग कर सकते हैं।

उप नियंत्रक, सत्यप्रकाश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्ष की इस यात्रा में देश ने अनेक झंझावतों का सामना किया है, इसके बावजूद विश्व के मंच पर लगातार अपना लोहा मनवा रहा है। हमें आजादी को अक्षुण्ण रखने हेतु सतत सतर्क रहना होगा।

सहायक उप निरीक्षक वेद प्रकाश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।
इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी, डॉ.ममता जायसवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर में नागरिक सुरक्षा कोर के चीफ वार्डेन डॉ संजीव गुलाटी, उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह, कुमारी जुली भारती , अमन गौड़ , सुरेश कुमार , हुमैरा खातून, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, साधना श्रीवास्तव, जाहिद अली, रितिका मिश्रा सहित 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है। पूरे ब्लड बैंक परिवार के लिआनंद का विषय है। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करते हुए रक्तदान हेतु आह्वान किया।
शिविर में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, योगी धर्मेन्द्रनाथ, वीरेंद्र सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम का संचालन ब्लड बैंक टेक्निकल सुपरवाइजर अमित मिश्रा ने किया ।
ब्लड बैंक के टेक्नीशियन नेहा गुप्ता, निधि नायक, आदित्य सिंह, चन्द्रेश्वर यादव का सहयोग सराहनीय रहा।
अतिथियों, वक्ताओं व रक्तदाताओं के प्रति आभार ज्ञापन अपर निदेशक डॉ. कामेश्वर सिंह ने की।